सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 306 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, रविवार, 5 मई , 2024




## पुंछ में वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला.. दहशतगर्दों ने बरसाईं गोलियां, 5 जवान घायल

पोलित लाइव रिपोर्टर



श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार शाम आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के वाहनों के काफिले पर हमला कर दिया. यह हमला शाहसितार के पास जनरल क्षेत्र में एयर बेस के बाहर हुआ. जानकारी के मुताबिक, आतंकवादियों ने वाहनों पर गोलियों की बौछार कर दी, जिसके बाद वायुसेना के जवानों ने जवाबी कार्रवाई की. इस घटना में 5 सैनिक घायल हो गए हैं. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है.

घटना के तत्काल बाद स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट ने इलाके को घेर लिया है और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है. आतंकवादियों की तलाश जारी है. अभी तक किसी भी आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है.

### आतंकवादियों की तलाश जारी

यह घटना जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमलों की एक श्रृंखला में नवीनतम है. पिछले महीने, पुंछ जिले में ही एक सेना के वाहन पर आतंकवादियों ने ग्रेनेड हमला किया था, जिसमें कई जवान शहीद हो गए थे.

## पीएम मोदी का दूसरे दिन झारखण्ड मे रोड शो और हुआ आम सभा

पोलित लाइव रिपोर्टर



रांची : नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे का शनिवार को दूसरा दिन है। पीएम ने पलामू और गुमला में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने लोगों से कहा कि विपक्ष झूठ फैला रहा है कि बीजेपी की सरकार संविधान बदल देगी। मैं आपको गारंटी देता हूं कि संविधान पर आंच नहीं आने दूंगा। आबोसी, पिछड़े और दलितों के आरक्षण को छीनने नहीं दूंगा। मैं बाबा साहब आंबेडकर को पूजने वालों में से हूं। उन्होंने कहा कि वह मौज नहीं मिशन के लिए पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि आपके एक वोट से 500 वर्ष बाद राम मंदिर बना। जम्मू- कश्मीर में आपके एक वोट से 370 हट गया। जमकर हमला बोला। आगे उन्होंने कहा क़ी हमने लव जिहाद सुना था। फिर लैंड जिहाद सुना और अब ये वोट जिहाद कर रहे हैं। ये लोग चाहे जितने जिहाद कर लें, ये देश पीछे हटने वाला नहीं है। मोदी डरने वाला नहीं है। ये चुनाव एक मजबूत देश के लिए मजबूत सरकार बनाने के लिए हैं।

## कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी 13 मई को बाघमारा माथाबांध में करेंगी सभा



पोलित लाइव रिपोर्टर

कतरास : झारखंड में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी 13 मई को बाघमारा पहुंचेगी.वह बाघमारा के माथाबांध फुटबॉल ग्राउंड में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी.उनके साथ कांग्रेस, झामुमो, राजद सहित अन्य सहयोगी दल के नेता मंच साझा करेंगे.उक्त जानकारी कांग्रेस झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने दी. गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह चुनावी मैदान में हैं.



# 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' को लेकर उपायुक्त ने की चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित अन्य के साथ बैठक

## 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक चलाया जाएगा सोशल मीडिया कैम्पेन

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव में वोटर टर्न आउट बढ़ाने के उद्देश्य से चेंबर ऑफ कॉमर्स, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर तथा मीडिया के साथ बैठक कर अभियान की सफलता एवं लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।

"मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर" पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि 7 मई को संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें चुनाव को लेकर जो स्वीप गतिविधियों की गई है या की जाएगी, उसे हैश टैग में भी इलेक्शन एम्बेसडर के साथ विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स पर केंद्रीय निर्वाचन आयोग, झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व जिला निर्वाचन पदाधिकारी को टैग करते हुए अपलोड करें। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में धनबाद तथा झरिया में कम वोटर टर्न आउट पर चिंता प्रकट करते हुए उपायुक्त ने युवा, फर्स्ट टाइम, शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से मतदान को सर्वश्रेष्ठ प्राथमिकता देते हुए 25 मई को अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर जिला प्रशासन की ओर से पेयजल, शेड, रैप, शौचालय सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। वहीं गर्मी को देखते हुए उन्होंने सभी से सुबह जल्दी से मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट करने का आह्वान किया। बैठक में फेडरेशन ऑफ जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयनका ने कहा कि जिले के सभी 56 चैंबर ऑफ कॉमर्स मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन का साथ देंगे और स्वीप एक्टिविटी चलाएंगे। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, डीएसडब्ल्यूओ श्रीमती अनिता कुजूर, डीपीआरओ सुनिल कुमार सिंह, फेडरेशन ऑफ जिला चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयनका, महासचिव अजय नारायण लाल, पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, प्रमोद गोयल, लोकेश अग्रवाल, विकास पटवारी, धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन के प्रदीप सिंह, संदीप मुखर्जी, जीतेन्द्र अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर, प्रमोद कुमार यादव सहित विभिन्न चेंबर के प्रतिनिधि, मीडिया कर्मी, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर मौजूद थे।

# इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए विधायक अनूप ने चलाया जनसंपर्क

- कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, रामाधार यादव, सुन्दर यादव,इंडस्ट्री एंड कॉमर्स के अध्यक्ष बीएन सिंह
- चैम्बर अध्यक्ष प्रमोद गोयल आदि प्रमुख लोगो से मिले

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद : लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की लोकप्रिय प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह जी की जीत सुनिश्चित करने के लिए जनसंपर्क अभियान के तहत बेरमो विधायक सा प्रत्याशी पति अनूप सिंह के द्वारा सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया जिसके तहत पूर्व मंत्री से कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो जी से उनके आवास में मिलकर रणनीति तय कर विचार विमर्श एवं अहम मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही साथ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स के अध्यक्ष श्री बीएन सिंह से मुलाकात कर समर्थन प्राप्त किया तथा धनबाद लोकसभा क्षेत्र में इंडस्ट्रियल ग्रोथ और पॉल्यूशन कंट्रोल को लेकर एम एम सकारात्मक वार्ता हुई बैंक मोर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रमोद गोयल एवं पदाधिकारी के साथ विचार विमर्श कर समर्थन एवं व्यापारियों की समस्याओं से अवगत होकर उसका निराकरण करने के लिए कांग्रेस की नीतियों से अवगत कराया वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुंदर यादव से मिलकर चर्चा कर समर्थन आशीर्वाद प्राप्त किया कांग्रेस के उपाध्यक्ष नवनीत नीरज के आवास में मुलाकात कर इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए विचार विमर्श किया गांधी रोड निवासी वरीय नेता रामाधार यादव जी के आवास पहुंचकर उनसे आत्मीय मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया|

## गोल्फ ग्राउंड में रविवार को लें 'फूड फीस्ट' का मजा , लज़ीज़ व्यंजन के साथ मनोरंजन और बच्चों के लिए खेलकूद भी

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद : धनबाद में रविवार को फूड फीस्ट' का उठाए लुत्फ़ : गोल्फ ग्राउंड में लज़ीज़ व्यंजन के साथ मनोरंजन और बच्चों के लिए खेलकूद भी. जी हां, धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में 5 मई को फूड फीस्ट' कार्यक्रम का आयोजन : संध्या 6 बजे से रात्रि 10 तक छऊ नृत्य और सोलो डांस इत्यादि सहित कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम। धनबाद के विभिन्न होटल और रेस्टुरेंट परोसेंगे लज़ीज़ व्यंजन। लाजवाब खाना के साथ मनोरंजन और बच्चों के लिए खेलकूद भी। धनबाद नगर आयुक्त ने बताया मतदान के प्रतिशत में वृद्धि करना उद्देश्य – एंट्री निःशुल्क। जिला प्रशासन द्वारा लगातार मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिले में तरह तरह के आयोजन किये जा रहें हैं। बीते दिन ही जिला प्रशासन द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन कराया गया था वहीं अब रविवार 5 मई को 'फूड फीस्ट' का आयोजन किया जाएगा।

# 6 उम्मीदवारों ने धनबाद लोकसभा से किया नामांकन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के समक्ष आज 6 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

कृष्ण चन्द्र सिंह राज, नारायण गिरी, परवेज नैय्यर, राजीव तिवारी, रियाजुल हक तथा कामेश्वर प्रसाद वर्मा ने नामांकन किया। नामांकन के अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।













# इंडिया गठबंधन की धनबाद लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा का तूफानी दौरा

## अपने एक वोट से महंगाई बेरोजगारी नफरत, अन्याय और अत्याचार को हराए - अनुपमा सिंह





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : इंडिया गठबंधन की धनबाद लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी का तूफानी दौरा बोकारो आवासीय कार्यालय लोहांचल से जनता दरबार में आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर क्षेत्रीय नेताओं कार्यकर्ताओं समाजसेवियों एवं समर्थकों के साथ मौजूद गण मन लोगों के साथ बैठक विचार विमर्श कर कार्यक्रम जनसंपर्क की शुरुआत की इसी क्रम में धनबाद लोकसभा के चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कालीकापुर पंचायत शाखा कुरी आदराकुड़ी,बत्बोया में बानेश्वर महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनसंपर्क कर फुसरो पंचायत पहुंचकर दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर मां दुर्गा से आशीर्वाद प्राप्त किया वहां ग्रामीणों से मिलकर क्षेत्रीय जन समस्याओं से अवगत होकर उनके निवारण हेतु इंडिया महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिए समर्थन मांगा, चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत का फुसरो पंचायत के नवाडीह पंचायत हरिजन गांव पहुंचकर वहां ग्रामीणों से मिलकर क्षेत्रीय जन समस्याओं को सुना जनसंपर्क करते हुए लंका पंचायत हरि मंदिर प्रांगण पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र भ्रमण जनसंपर्क करते हुए खेरा बेड़ा पंचायत स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र के झालवडदा,नौडीहा मोड़ मैं इंडिया गठबंधन के सभी दलों के क्षेत्रीय नेताओं कार्यकर्ता एवं समर्थकों के साथ बैठक कर मां गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने की रणनीतियों पर चर्चा की और कहा कि देश के संविधान को बचाने और दुनिया के सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था की की रक्षा करने की जिम्मेवारी हम लोगों के कंधे पर आन पड़ी है आज कांग्रेस निरंतर देश की निरंकुश मोदी सरकार से जनहित के लिए लड़ रही है आपका हक और हित के लिए हमेशा मैं तत्पर रहूंगी अब आपकी अपनी धनबाद की बेटी अनुपमा आपसे आशीर्वाद लेने के लिए आई है मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में व्याप्त बेलगाम महंगाई और भयावा बेरोजगारी धनबाद लोकसभा क्षेत्र खनिज संपदाओं से भरा फिर भी बेरोजगारी पानी बिजली पॉल्यूशन फ्लावर का ना होना सड़क जाम की समस्या एम्स जैसे बड़े अस्पताल का ना होना एयरपोर्ट का ना होना कहीं ना कही केंद्र की अनदेखी का दंश धनबाद झेल रहा है पांच भाजपा के विधायक धनबाद लोकसभा क्षेत्र में एक सांसद फिर भी मोदी सरकार की धनबाद के प्रति अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं धनबाद की समस्याओं की निराकरण के लिए आवाज बनकर लोकसभा में गूंजेगी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की गारंटी किसानों को एम एस पी की गारंटी युवाओं को सरकारी नौकरी की गारंटी पूरा पक्का ना की याद आए यही है कांग्रेस का वादा

आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरुपद महतो जलेश्वर महतो शंकर महतो हसनुल्ला अंसारी उत्तम दुबे आदि थे।

## दिव्यांगजन लोगों ने मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाले




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : राष्ट्रीय बेसहारा दिव्यांग वेलफेयर फेडरेशन धनबाद की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकल गई जो बेकार बांध से होकर डीसी आवास, कंबाइंड बिल्डिंग रणधीर वर्मा चौक तक मतदाता जागरूकता अभियान चलाई गई। इस अभियान में जिला दिव्यांग आइकॉन प्रमोद कुमार पासवान, उपाध्यक्ष राज कपूर महतो, सचिव अजय पासवान , सदस्य अशोक भुइया, राजकुमार एवं अन्य भी दिव्यांग लोग शामिल हुई थे।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने किया वल्नरेबल बूथ का निरीक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर 40 - धनबाद विधानसभा के एआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने वासेपुर और कुसुंडा में वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।



इस संबंध में उन्होंने बताया कि वासेपुर के कमर मकदूमी रोड स्थित उर्दू प्राइमरी स्कूल के मतदान केंद्र संख्या 87, 88, बीसीसीएल के कुसुंडा एरिया - 6 महाप्रबंधक कार्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या 345 तथा बीसीसीएल के कुसुंडा एरिया - 7 में नया प्राइमरी स्कूल में मतदान केंद्र संख्या 352 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदाताओं से मिलकर 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बिना किसी डर, भय या प्रलोभन के निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी धनबाद श्रीमती पल्लवी सिन्हा, अंचल अधिकारी पुटकी विकास आनंद, कार्यपालक दंडाधिकारी रवींद्रनाथ ठाकुर भी मौजूद थे।

## जनता मजदूर संघ बच्चा गुट सिंदरी शाखा ने रोहराबांध आम्बेडकर चौक पास शीतल जल प्याउ लगाया

पोलिट लाइव रिपोर्टर




सिंदरी: जनता मजदूर संघ ( बच्चा गुट ) सिंदरी शाखा सचिव वेद प्रकाश ओझा के सौजन्य से शनिवार को बढती धुप एवं गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए रोहराबांध आम्बेडकर चौक एसबीआई शाखा के समिप शीतल जल प्याउ लगाया गया। जनता मजदूर संघ बच्चा गुट सिंदरी नगर के सचिव वेद प्रकाश ओझा ने बताया कि वो दो दिन पहले सिंदरी शहर से बाहर गए थे, कुछ काम से आपने कुछ संस्था के सदस्यों के साथ तब हमारे संस्था के लोगों को प्यास लगी तो उन्होंने जगह-जगह पानी खोजा पीने के लिए पर पानी नहीं मिला फिर वह पानी खरीद कर पीए यही देखकर उन्होंने सोचा कि हमारे सिंदरी शहर में भी ऐसी कई जगह है जहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है, कुछ न कुछ कार्य के लिए जैसे बैंक,पोस्ट ऑफिस और भी बहुत सारे संस्थाएं में लोगो को आने जाने के समय प्यास लग जाते है पर शहर के रोड के किनारे कहीं पानी की व्यवस्था नहीं है, तो उन्होंने सोचा क्यों ना यह व्यवस्था मैं खुद कर दू,ताकि इस भयानक गर्मी में हमारे सिंदरी के लोग आने जाने के समय में प्यास बुझा सके । उन्होंने कहा रोहराबांध के साथ सिंदरी के जय हिन्दू मोड,आई टी आई मोड पर प्याओ की व्यवस्था किया गया हैं राहगीर उक्त स्थानो पर सीतल जल पीकर आपना प्यास बुझा सकेगा।

मोके पर लोगन हेंब्रम,पप्पू सिंह, दीपक गिरी, संतोष सिंह, धनंजय हेंब्रम,अमित महतो,राजेश कुमार, सोनू ठाकुर, मोनू कुमार, अंशु सिंह आदि थे।

EAST END CONVENT
Near G. N. College, Rani Road, Bhuda, Dhanbad
Mob.: 8210805005, 9334624678

1. Classes running from NUR. to (+2) Level
For (+2) : Science, Commerce & Arts.
2. Transportation Facility available at low rate.
3. Computer Lab.
4. Well Known Faculty Subject Wise.
5. Special Care for Weak Students.
6. Fee Structure very less in comparison to other C.B.S.E. School.
7. Extra Curriculum activities regularly.
8. Peaceful and well disciplined environment.
9. Upcoming Science Lab and Library.
10. We create leader through activities.



# भाजपा प्रत्याशी दुल्लू महतो जन सम्पर्क अभियान के तहत विद्यापति परिषद धनबाद प्रांगण में पहुँचे

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी दुल्लू महतो अपने जन सम्पर्क अभियान के तहत विद्यापति परिषद धनबाद के प्रांगण में पहुँचे। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष शिवकान्त मिश्रा ने प्रत्याशी का मिथिला के पाग, अंगवस्त्र और पुष्प माला से स्वागत किया और परिषद के गतिविधियों की जानकारी दी। भाजपा आईटी विभाग झारखण्ड के प्रदेश संयोजक अमरनाथ झा ने माँ जानकी की धरती मिथिला के गौरवपूर्ण इतिहास का उल्लेख किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सीता के राम के भव्य मंदिर का उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा करते हुए भाजपा के लिए 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोट देने का अनुरोध किया। उन्होंने अयोध्या की तरह चिटाही में भी भव्य राम मंदिर के निर्माण हेतु, और धनबाद के मुद्दे को सदन में मज़बूती से रखने के लिए दुल्लू महतो को विजय बनाने का आग्रह किया। विद्यापति परिषद के उपस्थित कार्यकारी सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रत्याशी दुल्लू महतो ने यह विश्वास दिलाया कि वो धनबाद की समस्याओं को सुलझाने का भरपूर प्रयास करेंगे और मिथिलॉचल के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सामाजिक, सांस्कृतिक और विकास के हर क्षेत्र में काम करेंगे।

विद्यापति परिषद के सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि और दोनों हाथ उठाकर प्रत्याशी को आशीर्वाद दिया और विजय की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विद्यापति समिति द्वारा एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया और उसकी प्रति मंचासीन सभी अतिथियों को भेंट की गई। सम्पर्क अभियान का संचालन परिषद के सचिव संजय कुमार झा ने की। सम्पर्क अभियान में विद्यापति परिषद के संरक्षक डाक्टर के विश्वास, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश झा उर्फ़ नेता जी, उपाध्यक्ष राधा कृष्ण झा, उपाध्यक्ष जयप्रकाश झा, कोषाध्यक्ष आशुतोष झा, संयुक्त सचिव आर के झा, प्रमोद कुमार झा, मिल्टन पार्थसार्थी, मनोज कुमार मिश्रा एवं बड़ी संख्या में परिषद के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# स्पंदन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## जिले के कोने कोने से पहुंचे दर्शक और कलाकार







पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : धनबाद कोयला नगर स्थित बीसीसीएल के कम्युनिटी हॉल में"स्पंदन"द्वारा बांग्ला नए साल का आगमन पर" बरसोबरोन" एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के अतिथियों ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुरूआत किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में, दीपक सेन, काशीनाथ चटर्जी, तपन रॉय, गोपाल भट्टाचजी उपस्थित थे,उसके बाद स्पंदन द्वारा उद्बोधन गीत गाकर संस्कृति कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया फिर लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम होता रहा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्पंदन के अध्यक्ष मनोज मजूमदार सचिव बोर्नाली सेनगुप्ता के अलावा लिलामॉय गो स्वा मी , क रु णा मो य हालदार,सुरजीत पाल,बबलु गांगुली,देवदास सेनगुप्ता, राहुल हालदार,अरविंदो बनर्जी और नीलकमल खवास ने आम भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में एकल संगीत इंद्रजीत चटर्जी,अमित दास, चयनिका मित्रा,दिशानी दत्ता, प्रणव मुखर्जी,संजय चटर्जी, श्याम बनर्जी साथ ही साथ तबला में इंद्रनील मित्रा,वायलिन में ब्रतीन कहली,अश्मिता मुखर्जी डांस ग्रुप सोरोशी चंद्रा, सपना मैडम,रेशमी साहा,शम्पा मुखर्जी,संचिता बॉक्सी,एकल नृत्य मे श्रुति चंद्रा,और सुबोर्नी बनर्जी अंत में समापन संगीत स्पंदन ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किया गया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास और अरबिंदो बनर्जी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को तहे दिल से बधाई दी है।

# डीसीएलआर ने किया आदिम जनजाति बहुल यूनिक बूथ का निरीक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी 42 टुंडी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता (डीसीएलआर) संतोष गुप्ता ने तोपचांची प्रखंड के आदिम जनजाति बहुल यूनिक बूथ भवरदाहा का निरीक्षण किया। साथ ही अन्य मतदान केंद्र, इंटरमीडिएट स्ट्रॉंग रूम, सीएपीएफ क्लस्टर इत्यादि का भ्रमण सह निरीक्षण किया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर प्रखंड कार्यालय तोपचांची में प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य सभी पदाधिकारी तथा कर्मियों के साथ बैठक कर निर्वाचन की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिसमें सभी मतदान केंद्र पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने, सभी मतदान केंद्रों पर शीतल पेय जल की व्यवस्था करने, सभी बीएलओ के द्वारा अविलंब वोटर इन्फोर्मेशन स्लीप बांटे जाने, मतदाता सूची मार्किंग करने समेत अन्य निर्देश दिए।

साथ ही वोटर टर्न आउट बढ़ाने के लिए स्वीप अंतर्गत 7 मई को निर्धारित #MainBhiElec-tionAmbassdor कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा निर्धारित समय पर की गई गतिविधियों को सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड करने, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित को टैग करने का भी निर्देश दिया गया।

# लोको पायलट के मृत्यु से रेल कर्मियों के बीच शोक की लहर

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद :शनिवार तड़के सुबह गोमो के लोको पायलट पंकज कुमार सिंह सुबह-सुबह गुझंडी में राजधानी एक्सप्रेस से दुर्घटना होने के कारण उनकी मृत्यु हो गई मृत्यु के उपरांत पोस्टमार्टम एवं अन्य कागजात संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कर उनके पार्थिव शरीर को तिरंगा में लपेटकर और फूल माला से सजाकर सम्मान के साथ उनके पैतृक आवास मुंगेर के लिए दोपहर 1:30 बजे विदा कर दिया गया उनके पार्थिव शरीर के साथ उनके परिजन के अलावा चालक सहायक चालक एवं मुख्य लोको निरीक्षक पंकज चौरसिया जी रवाना हुए मौके पर कोडरमा आरपीएफ प्रभारी जवाहरलाल मुख्य लोगों निरीक्षक कोडरमा एके सिंह पहुंचे ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के एनके खवास मेने बताया कि कोडरमा शाखा सचिव बीबी सिंह लोको



पायलट एवं उपाध्यक्ष अजय कुमार संजक सचिव एवं लोको पायलट संजीव नयन लोको पायलट अजीत कुमार प्रेम कुमार प्रेम कुमार दीपक कल्याण निरीक्षक राहुल कुमार सिंह सहायक चालक मुकेश कुमार क्या भी लोगों ने ट्रैकमैन संतोष राय विनय कुमार शाहिद सभी कर्मियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया उनके इस दुख की घड़ी में उनके परिजन के साथ खड़े रहने का काम किया।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे दुलू

## कहा, किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाएगी

### नुक्कड़ सभा में हुआ दुलू महतो का स्वागत

पोलिट लाइव रिपोर्टर



भगतडीह: शनिवार को बस्ताकोला वर्मा बंगला में मंडल अध्यक्ष स्व. अनिल सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई।

भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाने दी जाएगी। हर कार्यकर्ता के लिए खड़ा रहूंगा। नुक्कड़ सभाओं को विभिन्न समाज और क्लब ने प्रत्याशी का स्वागत किया। ढुलू ने कहा कि जो आज मेरे साथ खड़े हैं, कल मैं उनके दरवाजे पर खड़ा नजर आऊंगा। सिर्फ आवाज देने की जरूरत है। किसी भी कंपनी की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी।

इस दौरान बस्ताकोला मोड़, इंडस्ट्री ग्राउंड, संजय चाय दुकान, डोम बस्ती, भुइंया बस्ती, एना विवेकानंद क्लब, बाउरी समाज, हरि मंदिर कमिटी, ऐना वारियर्स क्लब, श्री श्री नरसिंह दलदल अखाड़ा द्वारा स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष श्रवण राय, राजकुमार अग्रवाल, रामबालक मुखिया, संतोष शर्मा, बप्पी बाउरी, तरुण राय, रामदेव शर्मा, संजय रवानी, काजू राय, बिपिन मंडल, मधेसर चंद्रवंशी, हीरा प्रसाद, संजय साव, सूरज भुइंया, राजेश बाउरी मास्टर, गणेश भुइंया, रोहित भुइंया, रोहित बाध्यकार, छोटू बाध्यकार, सागर बाध्यकार, दारा सिंह, सोनू साव, राजेश बाउरी, श्रीकांत बाउरी, अरुण सिंह, नरेश सिंह, दयासागर पांडे, गोपाल प्रसाद, कल्लू रवानी, सोहन बाउरी, बिट्टू दुग्गू, राहुल सहानी, मोनू श्रीवास्तव, अरुण शर्मा, सोनू राउत आदि उपस्थित थे।

# गोविंदपुर थाना प्रभारी ने अपराध की योजना बनाते तीन अपराधियों को पुलिस ने हथियारों के साथ धर दबोचा

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर : गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में शुक्रवार की रात मां शांति गेस्ट हाउस में छापेमारी कर अपराध की योजना बनाते तीन अपराधियों कर्मियों को पुलिस ने हथियारों के साथ धर दबोचा. अपराधियों के पास से एक पिस्टल 7.65 एमएम ,तीन जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल एवं एक कार भी जप्त किए गए हैं. पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है. इनमें से एक अपराधी 28 वर्षीय मो इमरान अंसारी उर्फ नेपाली पिता सकुर मियां मंदारडीह, महेशमरवा गांडेय निवासी गिरिडीह के विभिन्न थाना क्षेत्र के कुख्यात अपराधी हैं. उन पर चोरी, डकैती लूट-पाठ एवं आर्म्स एक्ट के ढेड़ दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं. वह वांछित अपराधी है. सिटी एसपी अजीत कुमार ने गोविंदपुर थाना में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी देते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न करने के लिए गोविंदपुर पुलिस लगातार क्षेत्र में आम सूचना संग्रह कर छापामारी कर रही है. इसी क्रम में शुक्रवार की रात 11:30 बजे पुलिस को सूचना मिली की मां शांति गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 102 में अवैध हथियारों के साथ कुछ अपराधी ठहरे हुए हैं. थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में तुरंत एक टीम ने छापामारी की ओर तीनों अपराधियों को अपराध की योजना बनाते गिरफ्तार किया. पुलिस ने गोविंदपुर थाना कांड संख्या 117/24, दिनांक 04. 05.2024 भादवि की धारा 25(1-बी)ए/26/35/25(6) दर्ज कर तीनों अपराधियों को जेल भेज दिया है. जिन दो और अपराधियों को जेल भेजा गया है उनमें संजु कुमार साव पिता सुधीर साव चितरपुकी थाना अहिल्यापुर, जिला गिरिडीह एवं मो जमशेद उर्फ मो जमशेद शेख पिता मुबारक परमाडीह थाना गांडेय जिला गिरिडीह है. मो इमरान उर्फ नेपाली के खिलाफ ताराटांड़,अहिल्यापुर, बेंगाबाद,गांडेय एवं मारगोमुण्डा समेत अन्य थानों में कई केस दर्ज हैं. छापामारी दारोगा शैलेंद्र कुमार, अमृता खलको,दिनेश प्रसाद मेहता, मनीता कुमारी ,गुरुदयाल सबर,सुरबाला भृंगराज,आरक्षी संजय कुमार महतो,नंदलाल साह,सरयु राम एवं पंकज कुमार सिंह शामिल थे.

## गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी ने टुंडी विधानसभा क्षेत्र मे जनसंपर्क अभियान चलाया


पोलिट लाइव रिपोर्टर

टुंडी : गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी ने टुंडी विधानसभा क्षेत्र के टुंडी प्रखंड अंतर्गत बंगारो, जीतपुर, मनियाडीह, शीतलपुर, सर्रा, चरकखूर्द, पांडेडीह, सोनाद, लकरा खुंदी, कोलहर, नौहाट, टुंडी मुख्यालय समेत कई क्षेत्रों में शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान अपने संबोधन में एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने लोगों से मोदी सरकार के किए गए कार्यो तथा उपलब्धियों को गिनाया और पुनः देश में मोदी सरकार बनाने के लिए केला छाप में वोट करने का अपील किया। हालांकि सांसद महोदय को क्षेत्र में कई जगहों पर जनता से खरी खोटी भी सुनना पड़ा। इस दौरान श्री चौधरी ने लोगों को संबोधित करते इंडी गठबंधन के प्रत्याशी टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को आड़े हाथों लेते हुए उन्हें गद्दार तथा देशद्रोही बताते कहा कि जब वे भूमि राजस्व मंत्री थे तो उनके कार्यकाल में गरीबों के स्वामित्व वाले जमीन को खास बता राशिद काटने से रोक दिया और गरीबों का जमीन छीनने का काम किया है।

## राजगंज इंटर कॉलेज के उर्दू के व्याख्याता मो० इनामुद्दीन का आकस्मिक निधन

पोलिट लाइव रिपोर्टर





राजगंज : राजगंज इंटर कॉलेज के उर्दू विषय के व्याख्याता मोहम्मद इनामुद्दीन का आकस्मिक निधन हो गया है। उन्हे शनिवार की सुबह दिल का दौरा पड़ा। जिसके बाद उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। अपने पीछे वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। सूचना मिलते ही कॉलेज में शोक की लहर दौड़ गई।प्राचार्य मनोज कुमार ने दुख जताते हुए कहा की इनामुद्दीन सर पिछले 9 वर्षो से राजगंज इंटर कॉलेज में उर्दू के शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। वे कॉलेज में बर्सर के पद पर भी सेवा दे रहे थे। वे बहुत मिलनसार और कर्तव्य निष्ठ व्यक्ति थे। कॉलेज के सभी कर्मियों के साथ उनका सौहार्दपूर्ण संबंध था। ईश्वर से प्रार्थना है की इस दुख की घड़ी में उनके परिवार की इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। कॉलेज परिवार द्वारा उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। जहां कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी मौजूद रहे। इसके बाद कॉलेज बंद कर दिया गया।




मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# गोमो के खरियो रेलवे फाटक के समीप एक युवक का क्षत विक्षत शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फ़ैल गई

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोमो : युवक की पहचान हरिहरपुर थाना क्षेत्र के खेड़ा बेड़ा निवासी जगदीश महतो के 25 वर्षीय पुत्र विजय कुमार महतो के रूप में की गई.
मृतक के पिता जगदीश महतो ने बताया कि उसका दिमागी संतुलन ठीक नहीं था,कल शाम लगभग साढ़े सात बजे वह खाना खाने के बाद घूमने के लिए निकला था लेकिन वह घर नहीं पहुंचा.
ग्रामीणों ने सुबह बताया कि खरियो फाटक के पास उसके बेटे का शव पड़ा हुआ है,जिसके बाद वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचा तो पाया की शव उसके पुत्र का है. शव मिलने की खबर सुन काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और इसकी सूचना भोजुडीह आरपीएफ और संबंधित रेल पुलिस को दी. जहां पुलिस मौके पर पहुंच कागजी कार्रवाई के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया,वहीं घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था. मृतक के पिता ने बताया कि उसका विवाह कोरोना काल में हुआ था,घटना के वक्त मृतक की पत्नी अपने मायके महुदा गई थी.

# चतुर्थ राष्ट्रीय स्तरीय योगासन न्यायाधीश प्रशिक्षण संपन्न,180 प्रशिक्षक मे 6 झारखण्ड क़े

पोलिट लाइव रिपोर्टर






PL न्यूज़ डेस्क - चतुर्थ राष्ट्रीय स्तरीय योगासन न्यायाधीश प्रशिक्षण 28 अप्रैल से 3 मार्च तक चला जिसमें बहुत सारी चीज बताई गई योगासन में कुछ बदलाव भी हूं उन्हें भी बताया गया यह प्रशिक्षण हमारे डॉक्टर जयदीप आर्य जी के सानिध्य में हुआ उनके योग कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह हमारे देश का खेल है हमारे देश को प्रतिनिधित्व कर रहा है यह हमारे देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अब प्रतियोगिता होना शुरू हो गया पिछले दिन ही अभी युगांडा और अन्य कई देशों में इसकी प्रतियोगिता हुई हैं इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत के कोने-कोने से न्यायाधीश प्रशिक्षण लेने आए प्रशिक्षक की संख्या 180 थी और हमारे झारखंड से भी 6 लोग गए थे प्रशिक्षण लेने

**जिसमें से महिला में**
प्रियंका
संतोषी
किरण

**पुरुषों में**
प्रशांत
मलेय
तुलसी

## श्री श्री 24 पहर हरि संकीर्तन कर ठाकुर बाड़ी प्रभु श्री राम जानकी मंदिर गोविंदपुर में स्थापित किया गया

पोलिट लाइव रिपोर्टर





गोविन्दपूर : भिलेज रोड हरि मंदिर से नगर भ्रमण करते ठाकुर जी को बीच बजार ठाकुर बाड़ी प्रभु श्री राम जानकी मंदिर में स्थापित किया गया श्री श्री 24 पहर हरि संकीर्तन 75 वर्षो से होते आ रही है हरि नाम हरि क्रितन आज प्रारंभ हुई जिसमें कमिटी के सदस्यों के द्वारा बाजे गाजे गुलाल आतिशबाजी कर नगर भ्रमण किया गया जिमसे रंग दल भजन मंडली झरिया एवं निरसा से आए एवं पाला क्रितन गायिका रघुनाथपुर बंगाल से आए नम्रता दास भक्तों जनों भक्ती मे मग्न सारे नगर वासी हुए शुभाष धीवर अनिल कुमार जयजीत मुखर्जी दिपक धीबर देबू चटर्जी सत्यम धीवर राजा धीवर भगीरथ धीवर बाचन समददार सुकुमार धीवर रितिक धीवर अर्जुन धीवर गोरभ मजुमदार हरि धीवर विकास चटर्जी सोमनाथ दास अरूण धीवर गोपी धीवर नयन धीवर पानु धीवर पारथो धीवर एवं सैकड़ो की संख्या में माताओं बहनों ने नगर भ्रमण शामिल हुए जय श्री राधे कृष्ण राधे राधे

# डीसी व एसएसपी ने बलियापुर के बुथो का किया निरीक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बलियापुरः उपायुक्त माधवी मिश्रा व धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन ने शनिवार की शाम बलियापुर क्षेत्र का दौरा कर कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त व एसएसपी ने क्षेत्र के सूरूंगा स्थित मतदान केंद्र संख्या 307 का निरीक्षण किया। गांव के मतदाताओं से मतदान संबंधी आवश्यक पूछताछ किया। मतदाताओं ने इस दौरान मतदान संबंधी किसी प्रकार के शिकायत उपायुक्त से नहीं किया। अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने भी सूरूंगा मतदान केंद्र संख्या 277 व 278 का निरीक्षण किया। मतदान केंद्र में पानी, बिजली व अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा, तिसरा थाना प्रभारी, अलकडीहा ओपी प्रभारी अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बलियापुर में शिक्षा विभाग की बैठक



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : उत्क्रमित उच्च विद्यालय डांगेपाड़ा में शनिवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रीना कुमारी की मौजूदगी में समीक्षा बैठक हुई मतदान केंद्र से संबंधित एएमएफ रिपोर्ट एमडीएम संचालन की स्थिति एमडीएम का प्रतिदिन एसएमएस की स्थिति, एमडीएम एक्सपेंडिचर रिपोर्ट, कैश बुक की स्थिति, एसएमसी का गठन, एनीमिया दवा की उठाव, प्रोजेक्ट इंपैक्ट अनुपालन की स्थिति आदि की समीक्षा की गई।

# अभाविप कतरास ने किया मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ




पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास :शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कतरास नगर इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया| इस अभियान के पहले दिन आकाशकिनारी कोलियरी के ग्रामीण महिलाओं को मतदान के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया| इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रांत विश्वविद्यालय सहसंयोजक शिवम रवानी ने कहा की हमारा एक मत देश के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसके लिए एबीवीपी अनुरोध करती है कि सभी मतदाता किसी भी प्रत्याशी अथवा दल के प्रलोभन में न आकर मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए मतदान करें और मतदान करना हमारा नैतिक कर्तव्य व राष्ट्रधर्म भी है जिसका निर्वहन करने के लिए हमें आगे आना चाहिए| गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मौसम कैसा भी रहे इसकी परवाह किए बगैर हमें बूथ पर कतारबद्ध होकर तब तक डटे रहना है जब तक हम अपने मताधिकार का प्रयोग न कर लें। कतरास कॉलेज अध्यक्ष स्वयं स्वर्ण ने कहा की मतदान प्रतिशत बढ़ाना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है इसे बढ़ाने मे विधार्थी परिषद की अहम भूमिका रहेगी|

# भाजपा सिंदरी नगर क़ी बैठक रोडाबांध भाजपा कार्यालय मे संपन्न


पोलिट लाइव रिपोर्टर



सिंदरी:भारतीय जनता पार्टी सिंदरी नगर की एक बैठक रोडाबांध भाजपा कार्यालय में नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमे धनबाद लोकसभा की महिला जनसंपर्क प्रमुख श्रीमती अर्चना सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुई। बैठक में महिलाओं का एक समूह बनाया गया जिसे भिन्न भिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क हेतु 15 भागों में विभक्त किया गया और सभी महिला शक्ति को निर्देशित किया गया कि 20 दिन पार्टी के लिए समर्पित करें ताकि अबकी बार 400 पार का नारा सफल हो सके। अर्चना सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने अपने आस पड़ोस, सगे संबंधियों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने को प्रेरित करें और सिंदरी में टोली बनाकर मजबूती से घर घर जनसंपर्क करें जिससे हमारा प्रत्यासी अत्यधिक मतों से चुनाव जीत सके। नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने भी महिला कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी सिंदरी के हर घरों में रसोई घरों तक लोगो से संपर्क करें और मोदी जी की योजनाओं के विषय में बताएं।
बैठक के पश्चात सारे लोगो ने जुलूस के शक्ल में रोडाबांध चौक का भ्रमण किया और नारेबाजी की,तत्पश्चात लोगो के बीच पत्रक का भी वितरण किया गया।
इस बैठक में राकेश तिवारी, राघव तिवारी, संजय महतो, रंजना शर्मा, अणिमा सिंह, चुमकी देवी, सुषमा देवी, किशोर कुमार, सुनीता उपाध्याय, शारदा सिंह, दैवंती देवी, ईश्वर यादव, पूजा कुमारी, सुनीता घोष, कमला देवी, विश्वनाथ महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बीआईटी सिंदरी के संधान -2024 मे दूसरे दिन प्रतिस्पर्धा एवं उत्साह भरा रहा कार्यक्रम

पोलिट लाइव रिपोर्टर







सिंदरी: बीआईटी सिंदरी के मॉडल क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम संधान -2024 के दूसरे दिन का कार्यक्रम प्रतिस्पर्धा एवं उत्साह भरा रहा। कार्यक्रम के दितृय में छात्रों ने एग्लोऐरेना राउंड टू, टेकी ऑफ द ईयर, हाइड्रोफ्लाइट, ड्रोन ए थॉन और रोबोसागा राउंड टू प्रस्तुत किया।

तकनीकी कौशल के रोमांचक प्रदर्शन के लिए आयोजित यह कार्यक्रम प्रतिभाशाली छात्रों का मस्तिष्क में रोबोटिक्स और ड्रोन के प्रति छात्र- छात्राओं बीच देखने लायक था। मोके पर सीडीसी के अध्यक्ष डॉ घनश्याम, मॉडल क्लब के प्रभारी डॉ विनीत शेखर, आर के वर्मा एव क्लब के चेयरपर्सन विकाश कुमार, पायल कुमारी एव अन्य गणमान्य व्यक्तिय उपस्थित थे।

संधान कार्यक्रम के बीआईटी सिंदरी छात्रों द्वारा तकनीकी एवं विज्ञान प्रस्तुत प्रर्दशन को देखने व समझने के लिए सिंदरी विभिन्न स्कूल (डी नोबली,डीएवी, सरस्वती शिशु मंदिर) से आए छात्रों देखा एवं जानकारी प्राप्त किया।

## इंटरमीडिएट की पढ़ाई को बंद किये जाने के विरोध मे सिंदरी कॉलेज में पुतला दहन किया गया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : पंचायत समिति सदस्य रोहित कुमार महतो के नेतृत्व में सिंदरी कॉलेज में पुतला दहन किया गया । पंसस रोहित कुमार महतो ने कहा कि आज जिस प्रकार से बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के अंगीभूत महाविद्यालय में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को बंद कर दिया गया है और प्रवाइट कॉलेज से मन मर्जी फी लिया जा रहा है उसे साफ तौर पर जाहिर होता है कि धनबाद जिला के जो भी किसान मजदूर दलित मध्यम वर्गीय परिवार से आने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई को बाधित करने के लिए एक षड्यंत्र रचा जा रहा है जो किसी प्रकार से हम लोग चलने नहीं देंगे आखिर क्या वजह है कि झारखंड राज्य के अन्य विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालय में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को चालू रखा गया है लेकिन बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में बंद कर दिया गया है विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रहित को देखते हुए सकारात्मक पहल नहीं करती है तो 14/05/2024 को हम लोग माथा मुंडन करके आमरण अनशन करेंगे और जब तक छात्र-छात्राओं का नामांकन इस सत्र में नहीं हो जाता है तब तक आंदोलन चलता रहेगा । मौके पर छात्र छात्राएं और अभिभावक मौजूद थे ।

## भाजपा गोविंदपुर पूर्वी मंडल ने देवली मे घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भारतीय जनता पार्टी गोविंदपुर पूर्वी मंडल के द्वारा मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह के नेतृत्व में देवली शक्ति केंद्र अंतर्गत बूथ नंबर 164 , 165, 166, 167, 168 एवं मोरंगा पंचायत अंतर्गत बूथ नंबर 169 ,170, 171, 172 और 173 का भौतिक सत्यापन किया गया! सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा घर-घर संपर्क अभियान भी उपरोक्त दोनों शक्ति केंद्र अंतर्गत गांव में चलाया गया ! मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने ग्रामीणों से बढ़ चढ़कर मतदान में हिस्सा लेने की अपील की साथ ही अपने लोकप्रिय प्रत्याशी दुलु महतो के पक्ष में मतदान करने का अपील किया ! ग्रामीणों को अब की बार 400 पार नारा को यथार्थ करने का आह्वान भी किया! इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रामीण जिला मंत्री धनबाद अमर कुमार मंडल ,मोरंगा पंचायत मुखिया धनंजय गोप, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष निर्मल कुंभकार ,मंडल मंत्री सुरेश रविदास, युवा मोर्चा महामंत्री महेश महतो, प्रशांत मंडल ,अनिल विश्वकर्मा, पप्पू मंडल ,अवधेश कुमार, दिलीप विश्वकर्मा, विनय महतो? ऋषि गोप, सुशील कुमार मंडल ,सतीश कुमार, रंजीत कुमार, मनोज कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता बंधु गण उपस्थित हुए! भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद ढुल्लू महतो जिंदाबाद

## मताधिकार प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने को ले कर टुंडी मे विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों के साथ हुई बैठक

पोलिट लाइव रिपोर्टर





टुंडी : प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने शनिवार को टुंडी के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों के साथ बैठक कर अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों से संपर्क कर उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने को कहा। साथ ही जिन विद्यालयों में मतदान के लिए बूथ बनाया गया है उन विद्यालयों में सामान्य जरूरतों पेयजल रैंप शौचालय बिजली आदि आवश्यकताओं को अबिलंब पूरा करने का निर्देश दिया।

## मासस के प्रत्याशी जगदीश रवानी की जीत को लेकर मासस की बैठक

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बलियापुर : बलियापुर प्रखंड के आमटाल पंचायत के बजरंग मंदिर के सामने मासस की ओर से एक बैठक का आयोजन रखा गया. बैठक की अध्यक्षता मितेन रवानी और संचालन पतीत पवन माजी द्वारा किया गया। बैठक उपस्थित में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर पर मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी को जीतने का संकल्प लिया गया।

## सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हुए मरीज के लिए तत्काल रक्तदान कर संस्था के द्वारा सहायता प्रदान की गई

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : बीसीसीएल सेंट्रल अस्पताल में भर्ती सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हुए 52 वर्षीय मरीज जिनका दोनों पैर बड़े वाहन से चोटिल होने के कारण टूट चुका था आनन-फानन में मरीज को अस्पताल ले जाया गया जहा डॉक्टर ने बताया कि मरीज के शरीर से बहुत रक्त बह चुका हैं शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई हैं इन्हें तत्काल 2 यूनिट रक्त की आवश्यकता हैं जल्द से जल्द दो यूनिट बी पॉजिटिव रक्त की व्यवस्था करें।

सूचना मिलते ही सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान सेंट्रल अस्पताल ब्लड बैंक प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए तत्काल रक्त प्रदान करने का आग्रह किया और इसके बदले में संस्था के सदस्य अनिल बरनवाल ने अपना ए पॉजिटिव रक्तदान कर रक्त की पूर्ति की जिसे आपातकालीन परिस्थिति में किसी अन्य मरीज को रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

मरीज की तबीयत ज्यादा ख़राब होने के कारण डॉक्टर द्वारा हायर सेंटर भेजने का निर्णय लिया गया इसके बाद मरीज को वर्ल्ड हेल्थ केयर अस्पताल वेस्ट बंगाल दुर्गापुर भेज दिया गया संस्थापक दिपेश चौहान ने कहा कि मरीज को वहां भी रक्त के लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं हैं क्योंकि रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रहे कई सामाजिक संस्था तथा रक्तवीर हैं जिसे हमारी संस्था के द्वारा सूचित कर दिया गया हैं इन्हें वहां भी तत्काल रक्त उपलब्ध करा दी जाएगी।

## मनियाडीह सर्रा में अवैध बालू उत्खनन एवं भंडारण केस मे अभियुक्त ललन एवं पप्पू राय को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



टुंडी : पिछले दिनों मनियाडीह थाना अंतर्गत सर्रा स्थित अवैध बालू उत्खनन एवं भंडारण स्थल पर जिले के ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी द्वारा देर रात्रि किए गए छापामारी में दो जेसीबी मशीन एवं एक हाईवा ट्रक जप्ती मामले में मनियाडीह थाना कांड संख्या 08/24 दिनांक -15/04/23 धारा -379/414/34 भादवि एवं 21 एमएमडीआर एक्ट 1957/54 जेएमएमसी रुल 2004/13 तथा जेएम ( पीआईएमटीएस) रूल्स 2017 के तहत नामजद अभियुक्त ललन राय एवं पप्पू राय को मनियाडीह पुलिस द्वारा शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।